प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
2. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की कृषि मंडियों में सुविधा बहाली की मांग, जल्द कार्रवाई का मिला आश्वासन।
3. हाईकोर्ट ने राजमहल तेजाब पीड़िताओं को एक लाख मुआवजा देने का दिया आदेश, पीड़िताओं के बेहतर इलाज और पुनर्वास को लेकर कोर्ट सख्त।
4. राज्य भर में आज से बारिश से मिलेगी थोड़ी राहत, बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र पड़ा कमजोर।
5. 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शानदार शुरुआत, प्रतियोगिता के पहले दिन देश के कई एथलीटों का शानदार प्रदर्शन।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

*******************

राज्य की बाजार समितियों का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सुरक्षा और मंडी में मूलभूत सुविधाओं की कमी से हो रही असुविधा पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर, व्यवस्था में सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। मौके पर कृषि मंडियों को अत्याधुनिक स्वरूप देने और मंडियों को किसान–व्यापारी हितैषी बनाने के मुद्दे पर चैंबर ने मंत्री के साथ चर्चा की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इस महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

*******************

जामताड़ा जिले के सुदूरवर्ती कुंण्डहित प्रखंड कार्यालय परिसर में उपायुक्त का कैंप कार्यालय का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रवि आनंद ने ऑन द स्पॉट छह लाभूकों के सर्वजन पेंशन योजना को स्वीकृति दी।

*******************

साहिबगंज जिले के राजमहल की तेजाब पीड़िताओं को एक लाख रूपये मुआवजा राशि देने का आदेश झारखंड हाईकोर्ट ने दिया है। कोर्ट में उपस्थित स्वास्थ्य सचिव ने कोर्ट को बताया कि पीड़िताओं के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी और उनके पुर्नवास के लिए उचित व्यवस्था भी की जाएगी।

*******************

रांची जिला में इस वर्ष दशहरा (विजयादशमी) और महात्मा गांधी की जयंती पर शराब का सेवन और इसकी बिक्री पूरी तरह से बंद रहेगी। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि दो अक्टूबर को शराब की कोई भी बिक्री या परिवहन नहीं होगा।

*******************

गढ़वा जिले में प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति के माध्यम से महिलाओं को स्वालंबी बनाया जा रहा है।

*******************

खूंटी पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने कल भंडरा और जिलिंगा में छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने लगभग 60 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। साथ ही शराब बनाने में उपयोग किए जाने वाले करीब 700 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

*******************

सिमडेगा जिले में लंबे समय से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन रेड हंट में लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस ने पिछले दिनों पांच लाल वारंटियों को ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, धोखाधड़ी, मारपीट जैसे आरोप हैं।

*******************

क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की आज 118वी जयंती है। इस अवसर पर उनको पूरे देश में श्रद्धांजलि दी जा रही है। भगत सिंह का जन्म वर्ष 1907 में आज ही के दिन पंजाब के लायलपुर ज़िले के बंगा गाँव में हुआ था जो अब पाकिस्तान में है।

*******************

राज्य भर में आज लोगों को बारिश से थोड़ी राहत मिल सकती है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र कमजोर पड़ने से अगले दो दिनों तक कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश होगी। वहीं एक से तीन अक्टूबर तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ स्थानों वज्रपात होने की भी संभावना है।

*******************

और अब खेल जगत की खबरें–

- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,नई दिल्ली एवं खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड तथा झारखंड एथलेटिक्स संघ, के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की शानदार शुरूआत हुई। इसमें देश भर से भाग ले रहे 700 से अधिक एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा शुरू हो गया। खेल के पहले दिन पांच स्पर्धा का फाइनल संपन्न हुआ। 500 मीटर की दौड़ में ऑल इंडिया पुलिस के प्रिंस कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।
- फर्स्ट हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप 2025 पुरुष का विधिवत उद्‌घाटन आज दोपहर दो बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। यह प्रतियोगिता 40 वर्ष से अधिक उम्र सीमा के खिलाड़ियों के लिए पहली बार आयोजित हो रही है। पहले दिन 04 मैच खेले जाएंगे।
- एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्ता न से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगीं। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है। इस बार के टूर्नामेंट में दोनों टीमे तीसरी बार आमने सामने होंगी।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने तमिलनाडु में अभिनेता विजय की रैली में हुए भगदड़ के दौरान 36 लोगों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। साथ ही दुर्गा पूर्जा के पंडालों की खबरों को भी पहले पन्ने पर स्थान दी गई है।

प्रभात खबर और हिंदुस्तान ने लिखा तमिलनाडु में अभिनेता विजय की रैली में उमड़ी भीड़, 36 की मौत।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर दुर्गा पूजा के पंडालों में उमड़ी भीड़ को लीड बनाई है।

दैनिक जागरण और रांची एक्सप्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी 4जी के उद्‌घाटन कार्यक्रम को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने विदेश मंत्री के ब्रिस्स सम्मेलन की खबर को प्रमुखता दी है।

*************